सार-समाचार

27 वां वनभोज भक्तिभावपूर्वक सम्पन्न

रतनगढ़ (निसं)। लड्डू गोपाल का 27वाँ वनभोज कार्यक्रम स्थानीय अग्रसेन भवन में ललिता देवी व्यास द्वारा आयोजित लड्डू गोपाल की पिकनिक के रूप में भक्तिभाव पूर्वक मनाया गया। सावन के मौसम में वन भ्रमण कर स्विमिंग पूल में नहाने, झूला झूलने व खेलकूद कर पिकनिक का आनंद लेने के लिए नगर के कोने-कोने से लड्डूगोपाल पहुंचे। अखिल भारतीय संघ समिति जयपुर संभाग के अध्यक्ष श्री 1008 महंत विष्णुदास महाराज, अखिल भारतीय सिखवाल ब्राह्मण समिति जयपुर अध्यक्ष शशि शर्मा, पूर्व पालिकाध्यक्ष संतोष कुमार इंदौरिया, पूर्व पार्षद राहुल व्यास, सिखवाल ब्राह्मण समिति दिल्ली एन सी आर अध्यक्ष कुणाल व्यास एवं व्यास परिवार के सदस्यों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर आयोजन का शुभारंभ किया गया। समारोह के प्रारंभ में अतिथियों ने कुलदीप व्यास द्वारा लिखे गए भजनों की पुस्तक' श्री चौकवाले बालाजी, भाव-प्रवाह का लोकार्पण किया'। पिकनिक में पहुंचे 202 लड्डूगोपालों ने सबसे पहले सुसज्जित उद्यान रूपी मंच पर खेलकूद करते, झूले पर झूलते हुए विविध व्यंजनों व फलों का आनंद लिया फिर स्विमिंग सूट पहनकर विशेष रूप से बनाए गए तरण ताल के चंदन केशर युक्त जल में डुबकियां लगाई। स्विमिंग पूल में स्नान के बाद सभी गोपालों का वैदिक मंत्रोच्चार के साथ अभिषेक किया गया। गायक छोटू राजस्थानी और कुलदीप व्यास द्वारा प्रस्तुत भजनों पर श्रद्धालु महिलाओं ने उत्साहपूर्वक नृत्य करते हुए लड्डूगोपालों को खूब रिझाया। अभिषेक के बाद लड्डूगोपालों को नवीन वस्त्राभूषण पहनाए गए और छप्पन भोग की झांकी सजाई गई। इस अवसर पर पालिकाध्यक्ष अर्चना सारस्वत, सरस्वती सिखवाल, ललिता ओझा, दमयंती सिखवाल, कविता सिखवाल, बसंती व्यास, लक्ष्मी ओझा, शकुंतला व्यास, प्रतिष्ठा सिखवाल, संगीता जोशी, अनीता ओझा, सुनीता सिखवाल, गीता राजा, मोहिता पारीक, ज्योत्स्ना ओझा सहित अनेक महिलाएं उपस्थित रही।

विधिक साक्षरता क्लिनिक का शुभारंभ

झुंझुनूं, (निसं)। बुधवार को नालसा द्वारा जारी योजना वीर परिवार सहायता योजना 2025 के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण झुंझुनूं द्वारा जिला सैनिक कल्याण बोर्ड झुंझुनूं के कार्यालय में विधिक साक्षरता क्लिनिक का उद्घाटन जिला एवं सेशन न्यायाधीश डालसा अध्यक्ष दीपा गुर्जर द्वारा रिबन काटकर विधिवत तौर पर किया गया। दीपा गुर्जर ने इस मौके पर कहा कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) अब सैनिकों और उनके परिवारों को देश के किसी भी कोने में कानूनी प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करेगा। अगर कोई जवान देश के किसी भी कोने में तैनात है और उसके गृह राज्य में किसी भी प्रकार का विधिक मामला चल रहा है तो उसके बाबत विधिक सलाह व विधिक सहायता पैरवी उक्त योजना के तहत प्राप्त जा सकेगी। झुंझुनूं जिला सैनिक बाहुल्य जिला है। जिसमें ऐसे क्लिनिक की आवश्यकता है। डालसा सचिव एडीएजे डॉ. महेंद्र के. सिंह सोलंकी ने बताया कि राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जिला सैनिक कल्याण बोर्ड झुंझुनूं के सहयोग से विधिक साक्षरता क्लिनिक का उद्घाटन किया गया। उक्त क्लिनिक पर रिटायर्ड फौजी को पीएलवी तथा पैनल अधिवक्ता का प्रशिक्षण दिया जाकर नियुक्त किया जाएगा ताकि समयबद्ध फौजी जवानों को नि:शुल्क विधिक सहायता-सलाह मिल सकेगी। ताकि वे अपनी ड्यूटी चिंतामुक्त होकर कर सकेंगे। इस कार्यक्रम के दौरान जिला सैनिक कल्याण अधिकारी अनिल पूनियां एवं उनके कार्यालय के कर्मचारी व रिटायर्ड फौजी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के स्टाफ आदि उपस्थित हुए।

पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया

पिलानी, (निसं)। बिरला शिक्षण संस्थान की तरफ से मेजर जनरल रिटायर्ड एसएस नायर निदेशक बिरला शिक्षण संस्थान के मुख्य आतिथ्य में बिरला बालिका विद्यापीठ के बाहरी परिसीमन क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से पेड लगा कर समाज मे एक नया संदेश दिया। ताकि सभी लोग समाज में अधिक से अधिक पौधारोपण कर समाजहित के कार्य करें। मेजर जनरल रिटायर्ड एसएस नायर ने बताया कि हर वर्ष बिरला शिक्षण संस्थान की द्वारा ज्यादा से ज्यादा संख्या में पौधे लगाने का लक्ष्य होता है। उन्होंने बताया कि धरती पर पेड़ों और पौधों के अस्तित्व के बिना मनुष्य और जानवरों की अन्य प्रजातियों का अस्तित्व संभव नहीं है। यही कारण है कि पेड़ों को काटने की निंदा की जाती है और सरकार ने अधिक से अधिक पेडों को लगाने के लिए प्रोत्साहित करती है। उन्होंने बताया कि हर के व्यक्ति को अपने जीवन में पौधारोपण कर मानवजाति का संरक्षण करना चाहिए। पेड़ लगाने से आसपास के वातावरण शुद्ध होना, ऑक्सिजन का मिलना, हानिकारक गैसों से बचाव और जल प्रदूषण से मुक्ति मिलती है। इसलिए पौधारोपण कार्यक्रमों में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए। इस मौके पर जीएस गिल, कपिल शर्मा, डॉ. मनोज जांगिड, चंद्रशेखर राठौड, अनिल जोशी, सीमा सिन्हा, विक्रमजीत सिंह, सुरेशचंद सैनी, शिवराज सिंह रावत आदि उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया

रतनगढ़ (निसं)। स्थानीय संगम चौराहा मेगा हाईवे पर रतनगढ़ ट्रक यूनियन के द्वारा युवा कांग्रेस नेता रामवीर सिंह राईका, रतनगढ़ ट्रक यूनियन अध्यक्ष भेरू सिंह भोजासर, रामकरण खयालिया के नेतृत्व में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का पुतला दहन कर वाहन चालकों की रद्द की गई आरसी को बहाल करने व ई रवन्ना चालान को रद्द किए जाने की मांग करते हुवे विरोध जिताया। राईका ने बताया कि ट्रक यूनियन की हडताल को 7 दिन हो गए हैं प्रशासन ने अभी तक ट्रक यूनियन की मांगों पर कोई सुनवाई नहीं की। ट्रक यूनियन की मांगे जायज है जिन पर राजस्थान सरकार द्वारा ध्यान नहीं दिया जाना सरकार की लापरवाही को दर्शाता है। ट्रक यूनियन की मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो पूरे राजस्थान में ट्रक यूनियन द्वारा चक्का जाम किया जाएगा। इस अवसर पर सतपाल श्योराण, संदीप सिंह भोजासर, मदन सिंह भोजासर, बृजलाल खयालिया, जीतू सिंह, प्रताप सिंह, नेमीचंद प्रजापत, देवकीनंदन माहिच सहित ट्रक यूनियन के अनेक पदाधिकारी उपस्थित थे।

श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन

उदयपुरवाटी (निसं)। कस्बे में एसबीआई बैंक के सामने सांवरिया सेठ धाम मंदिर परिसर में 13 अगस्त जन्माष्टमी के पावन पर्व पर संगीतमय श्रीमद् भागवत श्याम कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। कथा 20 अगस्त तक चलेगी श्रीमद् भागवत श्याम कथा का प्रतिदिन दोपहर 1.15 बजे से सायं 6:00 बजे तक का समय होगा सांवरिया सेठ मंदिर के महंत श्यामशरण मनीष महाराज ने जानकारी देते हुए बताया कि आठ दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत श्याम कथा की तैयारियां की जा रही है मंदिर के महंत ने बताया कि 13 अगस्त को उदयपुरवाटी खेल मैदान से सैकडों महिलाओं द्वारा कलश यात्रा निकाली जाएगी भागवत कथा की पूर्ण आहुति बीस अगस्त को होगी और भंडारे का आयोजन होगा जिसमें श्रद्धालु प्रसादी ग्रहण करेंगे।

उपखण्ड अधिकारी का सम्मान

रतनगढ़ (निसं)। रतनगढ़ में नव पदस्थापित उपखण्ड अधिकारी मिथिलेश कुमार का लॉयंस क्लब रतनगढ़ वेस्ट के पदाधिकारियों ने अध्यक्ष प्रदीप कुमार धर्ड के नेतृत्व में स्वागत किया। इस अवसर पर क्लब सदस्यों ने माला और साफा पहनाकर एसडीएम का स्वागत सम्मान किया और रतनगढ़ में उनके सफल कार्यकाल के लिए मंगल कामना की। कोषाध्यक्ष मनोज जोशी ने लॉयंस क्लब द्वारा किये जाने वाले सामाजिक सेवा के कार्यों के बारे में अवगत कराया। पूर्व सचिव संजय कटारिया ने बताया कि लॉयंस क्लब प्रशासन के सहयोग से नगर की सेवा में सदैव तत्पर रहेगा। इस अवसर पर पवन कुमार तोषावड़, मोहम्मद अनवर कुरैशी, सांवरमल तोषावड, ओमप्रकाश गोदारा, भींवराज भोभरिया, महेंद्र इंदौरिया, सांवरमल भूण, सुभाष सोनी उपस्थित थे।

झूलन महोत्सव आज से

उदयपुरवाटी (निसं)।धार्मिक तीर्थ स्थल लोहार्गल धाम में 7 अगस्त से 10 अगस्त तक भगवान गोधा रंगनाथ को झूला झूलाने का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा सिद्ध पीठ वेंकटेश बालाजी देवस्थान लोहार्गल धाम के स्वामी अश्विनी आचार्य महाराज ने बताया कि तीन दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम में गोधा रंगनाथ भगवान को झूला झूलने का कार्यकम के दौरान भगवान वेंकटेश का अलौकिक फूलों से श्रृंगार किया जाएगा। झूलन महोत्सव की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है

अश्वमित्र सम्मेलन आयोजित

रतनगढ़ (निसं)। रतनगढ़ में ब्रुक इंडिया संगठन द्वारा अश्वमित्र सम्मेलन अयोजित किया गया जिसमें 60 अश्वपालकों ने भाग लिया। सम्मलेन में ब्रूले इंडिया द्वारा अश्वपालकों को सरकारी योजनाओं के बारे में बताया और अश्वपालकों ने अपने विभिन्न कार्यों के बारे में सांझा किया। सम्मेलन के दौरन जेडपीसी अंजल, एसपीसी महेश और डॉ. अनिता और ब्रुक का स्टाफ उपस्थित रहे।

एनएसयूआई ने छात्र चेतना यात्रा निकाली

■ छात्रसंघ चुनाव बहाली की मांग

चूरू (निसं)। प्रदेश में छात्रसंघ चुनाव बहाली की मांग को लेकर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस छात्र इकाई एनएसयूआई अब सड़कों पर उतर आई है।

छात्रसंघ चुनाव बहाली की मांग को लेकर जेएनयू जोधपुर से शुरू हुई छात्र चेतना यात्रा बुधवार को चूरू पहुंची। यहां एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने पुरानी कलेक्ट्रेट पहुंचने पर यात्रा का भव्य स्वागत किया और लोहिया कॉलेज तक छात्र चेतना यात्रा निकालकर आक्रोश व्यक्त किया।

यात्रा में प्रदेश की भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गयी। इस अवसर पर एनएसयूआई के राजस्थान विष्व विद्यालय के छात्र नेता अभिषेक चौधरी ने कहा कि छात्रसंघ चुनाव राजनीति की पहली सीढ़ी है और यह चुनाव होंगे तभी छात्रों की आवाज सदन तक पहुंचेगी।

महेंद्र चौधरी ने कहा कि जब तक छात्र अपने हक के लिए नहीं जागेगा, तब तक किसी का भला नहीं हो सकता। इस अवसर पर एनएसयूआई के पूर्व महासचिव पुलकित चौधरी ने कहा कि सरकार छात्रसंघ चुनाव नहीं करवाकर युवाओं की आवाज को दबाना चाहती है। सोयल खान डीके ने कहा कि केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार युवा विरोधी है। छात्र संघ चुनाव नहीं होंगे तो महाविद्यालयों में व्याप्त अव्यवस्थाओं के मुद्दों को कौन उठाएगा।

यात्रा के लोहिया कॉलेज पहुंचने पर प्रतिनिधिमंडल ने प्राचार्य को ज्ञापन भी दिया। इस अवसर पर निवर्तमान छात्र संघ अध्यक्ष अनिल भाकर, छात्र प्रतिनिधि अमन चौधरी, महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुनिता कपूरिया, छात्र नेता सूफियान झारिया, छात्र नेता राहुल कुमार, मोहित खान, अनिल भाकर, राकेश कस्वां, राकेश सिरसली, रोहन वैष्णव, अनिल कस्वां, अमित मेहरा, नरेंद्र मेहरा, लतिफ खान, आदिल गौरी, सोयल खान, अजीत आचार्य, रहीम खान, कार्तिक स्वामी, चिराग, करणीदान चारणवासी, अजीत सिंह, अजय चौधरी, गोविंद शर्मा, देवेंद्र खीचड़, मोनू पंडित, कपिल, शिव, पवन फोगावट, कुलदीप, अक्षय, अमन पूनिया, मोनू राजगढ़, राहुल सैनी, भारती, कोमल, केसर, मुस्कान आदि उपस्थित थे।

स्मार्ट मीटर हटाओ संघर्ष समिति की बैठक आज

गुढ़ागौड़जी, (निसं)। कस्बे में स्मार्ट मीटर हटाओ संघर्ष समिति के जेपी महला ने बताया कि स्मार्ट मीटर के विरोध में चल रहे आंदोलन को तेज करने को लेकर गुरुवार सुबह 10 बजे अभिनंदन मैरिज गार्डन में सरकारी अस्पताल के पीछे गुढागौडजी में जागरूक प्रतिनिधियों व सामाजिक कार्यकर्ताओं की मीटिंग रखी गई है। मीटिंग 20 अगस्त को जिले भर में होने वाले बंद को लेकर सभी व्यापार मंडलों से चर्चा करने, स्मार्ट मीटर हटाने का सरकार आदेश वापस ले। लगाए गए सभी स्मार्ट मीटर हटाए जाए तथा घरेलू उपभोक्ता को 300 यूनिट बिजली फ्री दी जाए। इन सभी मुद्दों को लेकर सभी बिजली पॉवर हाउसों पर कमेटी का गठन किया जाएगा।

पुलिस अधिकारियों को रक्षासूत्र बांधे

सादुलपुर, (निसं)। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सादुलपुर की ओर से रक्षाबंधन के पावन पर्व के मनाया जा रहे सप्ताह के अंतर्गत पुलिस थाना राजगढ जिला चूरू में रक्षासूत्र बांधने का कार्यक्रम राजेश कुमार सिहाग सीआई पुलिस थाना राजगढ की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। बुधवार शाम चार बजे दी जानकारी के अनुसार कार्यक्रम में मुख्य वक्ता राजयोगिनी ब्रह्मकुमारी शोभा बहन थी।

उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा की रक्षाबंधन का त्यौहार हमारे देश के लिए सबसे बडा त्यौहार हैं। जिसके महत्व पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि इस त्यौहार में सभी सदगुण छिपे हुए हैं। इसको अगर भारत के लोग समझ जाए और इसके अंदर छिपे हुए राज को जीवन में धारण कर ले तो यह त्यौहार सतयुग दुनिया का प्रवेश द्वार बनेगा। यह सिर्फ बहन भाई का इतिहास नहीं है बल्कि समस्त मानव जाति के सुख चैन की दुनिया का आईना भी है।

इस अवसर पर राजेश कुमार सिहाग सी आई राजगढ ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा की नारी जाति का सम्मान करना हमारी संस्कृति तथा उनकी रक्षा करना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। इसी दौरान पुलिस बल के समस्त उपस्थित जनों की कलाई पर बीके शोभा बहन ने रक्षा सूत्र बांधा एवं उनके स्वस्थ एवं सुखी जीवन की कामना की।

वहीं पूनम बहन ने सभी के माथे पर विजय का तिलक लगाया और उन्हें परमात्मा की ओर से दिव्य वरदान दिया। तथा आश्रम का प्रसाद देकर मुख मीठा भी करवाते हुए सभी से आज के दिन कोई एक कमजोरी छोडने का संकल्प भी दिलाया। इस अवसर पर एडवोकेट बृजमोहन शर्मा एवं शिक्षाविद प्रताप सिंह भोजनीया ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

इस अवसर पर राजेश कुमार सिहाग सीआई, रामनिवास एएसआई, राकेश हैड कास्टेबल, सुनील हैड कांस्टेबल, राजकुमार हैड कास्टेबल, कुलदीप रीडर, जलेसिंह कास्टेबल, सुबेसिंह कास्टेबल, पवन कांस्टेबल, विजेन्द्र कास्टेबल, संदीप कांस्टेबल मुकेश कास्टेबल एजीटीएफ, मनोज कांस्टेबल, सुशीला महिला कांस्टेबल एवं समस्त स्टाफ के सदस्यों ने सहयोग किया।

हर घर तिरंगा अभियान के तहत विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित

■ प्रतियोगिताओं में विजेता स्वयं सहायता समूह राजीविका की महिलाओं को किया पुरस्कृत

■ जिला स्तरीय हाट मेले का समापन

सादुलपुर, (निसं)। हाट मेले के समापन पर आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत चलाए जा रहे हर घर तिरंगा अभियान के तहत नगरपालिका राजगढ द्वारा बुधवार ०6 अगस्त 2०25 को राजकीय स्कूल के खेल मैदान में रंगोली, मेहँदी एवं तिरंगा राखी प्रतियोगिताओं का भव्य आयोजन किया गया। शाम पांच बजे दी जानकारी के अनुसार इस आयोजन में स्वयं सहायता समूह (राजीविका) की महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी रचनात्मकता व देशभक्ति और सामाजिक जागरूकता का परिचय दिया।

रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान ममता, द्वितीय स्थान सरोजबाला एवं तृतीय स्थान सुमन ने प्राप्त किया। मेहेंदी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सरिता, द्वितीय प्रिया एवं तृतीय स्थान निर्मला ने हासिल किया। तिरंगा राखी प्रतियोगिता में प्रथम कविता लम्बोर बडी, द्वितीय कविता हमीरवास एवं तृतीय स्थान पर सुमन सांखू रही। इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से महिलाओं ने अपने हाथों से भारत के गौरव तिरंगे झंडे को अपनी रचनाओं में जीवंत किया। कार्यक्रम के दौरान स्वयंसेवी संगठनों की महिलाओं द्वारा देशभक्ति गीतों पर भावविभोर कर देने वाली प्रस्तुतियाँ दी गई, जिन्होंने उपस्थित जनसमूह को राष्ट्रप्रेम की भावना से ओतप्रोत कर दिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि उपखंड अधिकारी मीनू वर्मा ने महिला प्रतिभागियों की सराहना करते हुए उन्हें आत्मनिर्भर बनने व शिक्षा एवं सामाजिक नेतृत्व में आगे बढने तथा स्वच्छता के प्रति सजग रहने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर नगरपालिका अधिशासी अधिकारी राकेश कुमार अरोडा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रप्रेम, स्वच्छता एवं जनजागरूकता पर विशेष बल दिया।

उन्होंने उपस्थित नागरिकों एवं महिलाओं से आव्हान किया कि वे अपने घरों पर तिरंगा फहराएं व पर्यावरण व स्वच्छता को जीवन में अपनाएं और एक जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभाएं। मंच संचालन भाजपा युवा नेता कृष्ण भाकर ने किया। इस अवसर पर नगरपालिका के कर्मचारीगण जयंत सांगवान, दीपक, कालीचरण उपस्थित रहे। सभी ने नागरिकों से आव्हान किया कि वे अपने-अपने घरों पर तिरंगा फहराएं व स्वच्छता को अपनाएं और राष्ट्रहित में सक्रिय भागीदारी निभाएं।

प्रतिभावान सम्मान समारोह आयोजित

लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी (निसं)। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बिड़ोदी में मंगलवार को भामाशाह व प्रतिभावान सम्मान समारोह आयोजित किया गया।प्रधानाचार्य अंबिकेश गुर्जर की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भागीरथ मल गोदारा पंचायत समिति सदस्य विशिष्ट अतिथि मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी राधेश्याम योगी,संदर्भ व्यक्ति सुरेश कुमार भास्कर, राजेंद्र प्रसाद प्रतिनिध थे। कार्यक्रम के संयोजक दिनेश कुमार ने बताया कि इस अवसर पर अतिथियों द्वारा विद्यालय में अच्छा प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों एवं खिलाड़ियों के साथ- साथ विद्यालय में आर्थिक सहयोग करने वाले दानदाताओ एवं भामाशाहओ का भी साफा,प्रतीक चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन व्यख्याता प्रमोद कुमारी ने किया। सम्मान समारोह में जगदीश भास्कर पूर्व अध्यापक, ब्रजमोहन भास्कर, ईश्वर सिंह,रामकरण राजपाल , सुखदेव राम, फूलचंद, ताराचंद, नेमीचंद , प्यारेलाल भास्कर, रामस्वरूप भास्कर सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

एसएससी की परीक्षाओं में अनियमितताओं से युवाओं के साथ हो रहा बड़ा अन्याय : सांसद राहुल कस्वां

■ लोकसभा में नियम-377 के तहत्त बोले सांसद कस्वां, युवाओं के साथ सुनियोजित खिलवाड़ हो रहा है जिस पर तत्काल रोक लगे

चूरू (निसं)। चूरू लोकसभा से सांसद राहुल कस्वां ने सदन में नियम-377 के अंतर्गत केन्द्रीय स्तर की भर्तियों में कर्मचारी चयन आयोग द्वारा लगातार की जा रही अनियमितताओं का मुद्दा उठाया।

उन्होंने सदन के माध्यम से भारत सरकार का ध्यान आकृष्ट करवाते हुए कहा कि द्वारा आयोजित हो रही परीक्षाओं में भारी अनियमितताओं से युवाओं के सपनों को कुचला जा रहा है। परीक्षा आयोजन में बार-बार देरी, बगैर सूचना दिए परीक्षा स्थगित करना, गलत सवाल पूछना, सैंकड़ों किमी. दूरी पर परीक्षा केन्द्र देना, उत्तर कुंजी में अनेकों त्रुटियाँ, परिणामों में पारदर्शिता की कमी जैसे विषयों को लेकर छात्र और शिक्षक आन्दोलित हैं।

देशभर से लाखों अभ्यर्थियों ने एसएससी द्वारा आयोजित हुई परीक्षाओं में भाग लेते हैं, लेकिन उन्हें हर बार गंभीर अव्यवस्था, असमानता और मानसिक पीड़ा का सामना करना पड़ता। विशेष चिंता का विषय यह है कि कई अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्रों पर रात 10 बजे तक रोका गया, जो उनकी सुरक्षा, गरिमा और मानसिक स्थिति पर सीधा हमला है। इन सभी कारणों के चलते युवाओं का भरोसा परीक्षा प्रणाली से उठ रहा है।

सांसद कस्वां ने कहा कि अभ्यर्थियों द्वारा की जा रही शिकायतों की लगातार उपेक्षा बाद उनको अपनी तैयारी छोड़ शांतिपूर्ण ढंग से प्रदर्शन के लिये मजबूर होना पड़ा। प्रदर्शन के दौरान अभ्यर्थियों और शिक्षकों पर दिल्ली पुलिस द्वारा कठोर दमनात्मक कार्यवाही की गई और उनके साथ अपराधियों की तरह व्यवहार किया गया, जो लोकतांत्रिक मूल्यों के बिल्कुल विपरीत है। एक परीक्षा में गड़बड़ी का मतलब है लाखों उम्मीदों का चकनाचूर हो जाना। अनेकों समस्याओं से जूझते हुए वर्षों से तैयारी करने वाले युवाओं के सपनों को सुनियोजित ढ़ंग से कुचलने का प्रयास अत्यंत ही गंभीर मामला है।

सांसद कस्वां ने केन्द्र सरकार से इस विषय पर त्वरित संज्ञान स्वतंत्र तकनीकी जांच करवाने, निजी परीक्षा एजेंसियों की भूमिका की समीक्षा करने, जिम्मेदारों पर कार्रवाई करने और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए व पारदर्शी परीक्षा प्रणाली स्थापित करनी की मांग की। उन्होंने कहा कि एसएससी जैसी संस्थाओं देश के युवाओं का भरोसा उठना अत्यंत ही गंभीर है। सरकार युवाओं की मांगों के अनुरूप तत्काल कड़े कदम उठाकर व्यवस्था को पारदर्शी बनाए।

शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद भी जरूरी : मंडेलिया

राजलदेसर (निसं)। युवा भारती स्टेडियम में राजलदेसर कुरैशी प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया जिसमें लोशल की टीम विजेता रही उपविजेता राजलदेसर इस्लामिया रही। मैन ऑफ द मैच गुलफाम नागोरी, मैन ऑफ द मैच सीरीज अरशद खत्री रहे। विजेता टीम को ट्रॉफी व 41 हज़ार रूपयों की नगद राशि दी गयी।

वहीं उपयोगिता टीम को ट्रॉफी व 21 हजार रूपये नगद राशि भेंट की। जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुरैशी समाज के प्रदेश अध्यक्ष, पूर्व विधायक हाजी मकबूल मंडेलिया, कुरैशी समाज के प्रदेश सचिव साजिद सुलेमान, विशिष्ट अतिथि सलीम बेहलीम, नगर कांग्रेस कमेटी के जब्बार खोखर, पार्षद नवी बक्स, इदरीश खत्री आदि मंचस्थ अतिथि रहे।

इस अवसर पर कुरैशी समाज के प्रदेश अध्यक्ष हाजी मकबूल मंडेलिया ने कहा कि खेल में हार जीत कोई मायने नहीं रखता लेकिन इस तरह के समाज में कार्यक्रम होने चाहिए साथ ही शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद भी जरूरी है क्योंकि कुरैशी समाज 20 वर्ष पिछडा हुआ है। अब हर जगह पर समाज स्तर पर शिक्षा खेलकूद सामाजिक एकता आदि को लेकर पूरे प्रदेश भर में अभियान चलाया जाएगा।

इस अवसर पर प्रदेश सचिव ने कहा कि राजलदेसर कस्बे के अंदर एक छोटे से गांव में इतना शानदार स्टेडियम देखकर बहुत खुशी हुई है। यहां के भामाशाहों की जितनी प्रशंसा की जाए उतनी कम है।

जिन्होंने सर्व समाज के लिए इतना शानदार स्टेडियम का निर्माण कराया साथ ही उन्होंने कहा विजेता, उपविजेता टीम को बधाई देता हूं जिन्होंने बहुत ही अनुशासन तरीके से खेल को खेल की भावना से खेला एवं आयोजन कर्ताओं को भी बहुत-बहुत बधाई देता हूं। जिन्होंने इतना शानदार कार्यक्रम आयोजित किया।

अतिशीघ्र ही कुरैशी समाज पूरे प्रदेश भर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करने जा रहा है। जिसमें राजलदेसर में भी कार्यक्रम आयोजित होंगे। इस असलम बगड, अमजद निर्बाण, शरीफ बेहलीम, रिजवान बगड सहित अनेकों खेल प्रेमी मौजूद रहे।

पौधारोपण कार्यक्रम

झुंझुनूं, (निसं)। अलसीसर स्थित राजकीय कन्या महाविद्यालय में हरियाली राजस्थान अभियान के तहत पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

निविदा सूचना

निविदा क्रमांक BBC/PM/05 और BBC/PM/06 बाधनी बंधेज(टाई एंड डाई) क्लस्टर चूरू के अंतर्गत प्लांट मशीनरी के टेंनकी प्रोजेक्ट हेतु इच्छुक सप्लायर से निर्धारित निविदा प्रपत्र में दिनांक 26.08.2025 सांय 5 बजे तक निविदा आमंत्रित की जाती है, विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाइट पर विजिट करे;
Https://ppdcagra.dcmsme.gov.in/Tender.html
Ashyana Sansthan Project Director

कासिमपुरा स्कूल में बैग बांटे

झुंझुनूं, (निसं)। एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक उदयपुरवाटी की ओर से प्रबंधक संग्राम सिंह शेखावत ने सामाजिक जिम्मेदारी के तहत स्वतंत्रता सैनानी श्री रिछपाल राम राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कासिमपुरा में कक्षा एक से पांच तक के विद्यार्थियों को स्कूल बैग वितरित किए। इस अवसर पर विद्यालय की प्रेरक माया राठौड एवं संस्था प्रधान मुकेश कुमार ने बैंक की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे विद्यार्थियों में शिक्षा के प्रति उत्साह और लगन में वृद्धि होगी।

Regional office
Rajasthan State Pollution Control Board
Shiv Singhpura Housing Board, Nawalgarh Road, Sikar-332001
Phone: 01572-248009, e-mail: ropcb.sikar@gmail.com
RPCB/RO Sikar/SIK-PH-33/1151-1158 Date 04.08.2025

पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु लोक सुनवाई के लिए आम सूचना

विषय:- मैसर्स अन्हद मिनरेरियो प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 53, खसरा नंबर 1152/981, निकट ग्राम मोकलवास, तहसील नीमकाथाना, जिला सीकर में प्रस्तावित चेज़ा पत्थर की खनन परियोजना हेतु पर्यावरण स्वीकृति के लिए लोक सुनवाई।
1. सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मैसर्स मैसर्स अन्हद मिनरेरियो प्राइवेट लिमिटेड द्वारा प्रस्तावित माइनिंग परियोजना जिसमें चेज़ा पत्थर जो कि माइनिंग कलस्टर क्षेत्र-21.87836 हेक्टर, प्लाट नंबर 53, खसरा नंबर 1152/981, निकट ग्राम मोकलवास, तहसील नीमकाथाना, जिला सीकर में स्थित है से संबंधित प्रार्थना पत्र मय दस्तावेज़ पर्यावरणीय स्वीकृति से पूर्व आवश्यक समूह खनन परियोजना लोक सुनवाई हेतु प्रस्ताव राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल (यहां तथा बाद में मंडल के नाम से अभिलिखित) को प्रस्तुत किया गया है।
2. और चूंकि मैसर्स अन्हद मिनरेरियो प्राइवेट लिमिटेड ने राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल को उक्त परियोजना की पर्यावरणीय स्वीकृति से पूर्व आवश्यक समूह खनन परियोजना की लोक सुनवाई हेतु मंडल को आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त परियोजना हेतु वन एवं पर्यावरण मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा जारी अधिसूचना संख्या एस.ओ. 1533 दिनांक 14.09.2006 और एस.ओ 141 ई दिनांक 15.01.2016 के प्रावधानों के अनुसरण में जन सुनवाई हेतु इस आशय की सूचना जारी कर 30 दिवस का नोटिस दिया जाना आवश्यक है।
3. उक्त परियोजना से संबंधित संक्षिप्त अभिलेख (कार्यकारी सारांश) एवं संक्षिप्त कार्यपालक सार अभिलेख निम्न कार्यालयों में अवलोकनार्थ उपलब्ध है :-
i. जिला कलक्टर, सीकर।
ii अतिरिक्त जिला कलेक्टर, नीमकाथाना, जिला-सीकर।
iii राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल, मुख्यालय, 4, संस्थानिक क्षेत्र झालाना डूंगरी, जयपुर।
iv क्षेत्रीय कार्यालय, वन, पर्यावरण एवं जलवायु मंत्रालय, भारत सरकार, ए-218, अरण्यभवन झालाना संस्थानिक क्षत्र जयपुर।
v महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र, सीकर।
vi उपखंड अधिकारी नीमकाथाना, जिला सीकर।
vii क्षेत्रीय प्रबंधक सीको, सीकर।
viii ग्राम पंचायत, मोकलवास, तहसील-नीमकाथाना, जिला-सीकर।
ix राजीव गांधी सेवा केन्द्र, ग्राम मोकलवास, तहसील नीमकाथाना, जिला सीकर
x निदेशक पर्यावरण विभाग, कमरा संख्या 8240 द्वितीय तल, उ-प (एसएसओ) भवन, सचिवालय, जयपुर।
xi क्षेत्रीय अधिकारी, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल सीकर, जिला सीकर-।
अतः सर्व साधारण को कार्यालय जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, सीकर के पत्र क्रमांक 2229 दिनांक 01.08.2025 के क्रम में इस आम सूचना के माध्यम से एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त समूह खनन परियोजना की पर्यावरणीय स्वीकृति से संबंधित जन सुनवाई हेतु दिनांक 18.09.2025 (गुरुवार) को प्रातः 11:30 बजे, स्थान-राजीव गांधी सेवा केन्द्र, ग्राम मोकलवास, तहसील नीमकाथाना एवं जिला सीकर में उपस्थित होकर अपने लिखित/मौखिक आक्षेप/सुझाव प्रस्तुत कर सकते है।साथ ही इस संबंध में लिखत सुझाव/आपत्ति इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिवस के अंदर क्षेत्रीय कार्यालय राजस्थान राज्य प्रदूषण मंडल, सीकर जिला सीकर में दिये जा सकते है। यह आम सूचना वैश्विक महामारी कोविड-19 से संबंधित केन्द्रीय/राज्य सरकार द्वारा समय-समय पारित निर्देशों के अनुरूप एवं अधीन रहेगी तथा सभी प्रावधानों/सावधानियों की पालना सुनिश्चित करनी होगी।
**क्षेत्री